# सत्संग के श्रवण से संवरता है समाज : मुख्यमंत्री

## जमीन पर बैठकर डॉ. मोहन यादव ने सुनी श्रीमद् भागवत कथा




**नव भारत न्यूज**

**इंदौर.29 दिसंबर. ग्राम चित्तौड़ा में सोमवार को भागवत कथा के समापन कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मौजूद रहे. वह आम श्रद्धालुओं के बीच जमीन पर बैठकर कथा सुनते नजर आए.**

मंच से संत श्री कमल किशोर नागर महाराज ने जहां नीति और धर्म से युक्त शासन को समाज की मजबूती का आधार बताया. वहीं मुख्यमंत्री ने कहा कि सत्संग और भागवत कथा से समाज में सदाचार, नैतिकता और समरसता की भावना मजबूत होती है. उन्होंने कहा कि सत्संग से समाज संवरता है. कथा पंडाल में जैसे ही मुख्यमंत्री पहुंचे, श्रद्धालुओं में हलचल बढ़ गई. मुख्यमंत्री बिना किसी औपचारिकता के सीधे श्रद्धालुओं के बीच बैठ गए और पूरे मनोयोग से कथा श्रवण किया. अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि भगवान की भक्ति और सत्संग से मिलने वाली तृप्ति किसी भी भौतिक सुख या वैभव से नहीं मिल सकती. कथा श्रवण से मन को शांति मिलती है और जीवन को सही दिशा मिलती है. मुख्यमंत्री ने संत की सराहना करते हुए कहा कि उनके प्रवचनों से समाज को न केवल आध्यात्मिक दिशा मिलती है, बल्कि सेवा और संस्कार की भावना भी मजबूत होती है.

> संत कमल किशोर नागर महाराज ने अपने उद्बोधन में कहा कि जब शासन नीति और धर्म के साथ चलता है, तभी प्रजा का वास्तविक कल्याण होता है. उन्होंने मुख्यमंत्री की सादगी और जमीन पर बैठकर कथा श्रवण करने को संवेदनशील नेतृत्व का उदाहरण बताया. कार्यक्रम में मंत्री तुलसीराम सिलावट सहित जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे.



# शीतलहर और घने कोहरे से जनजीवन प्रभावित

- हिमालयी बर्फबारी का असर
- मध्यप्रदेश के मंदसौर में पारा 2.5 डिग्री

**भोपाल, 29 दिसंबर. हिमालयी क्षेत्रों में जारी बर्फबारी और सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ के कारण मध्यप्रदेश में कड़ाके की ठंड पड़ रही है. उत्तर से आ रही बर्फीली हवाओं ने प्रदेश के तापमान में तेज गिरावट दर्ज कराई है.**

मंदसौर में रात का न्यूनतम तापमान 2.5 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया, जहां ओस की बूंदें जमती नजर आईं. मौसम विभाग के अनुसार, जेट स्ट्रीम की तेज रफ्तार और उत्तरी हवाओं के प्रभाव से ठंड का असर और बढ़ गया है.

पिछले 24 घंटों के दौरान प्रदेश के सभी संभागों में मौसम मुख्यत: शुष्क बना रहा. अधिकतम तापमान में किसी बड़े परिवर्तन की सूचना नहीं है. रीवा और शहडोल संभागों के जिलों में अधिकतम तापमान सामान्य से 1.6 से 2.6 डिग्री सेल्सियस तक कम दर्ज हुआ, जबकि शेष संभागों में तापमान सामान्य रहा. न्यूनतम तापमान की बात करें तो रीवा संभाग में यह 3.2 डिग्री तक बढ़ा, लेकिन भोपाल संभाग में सामान्य से 3.7 डिग्री तक कम रहा. इंदौर, जबलपुर और सागर संभागों में न्यूनतम तापमान सामान्य से 1.6 से 1.7 डिग्री तक कम दर्ज किया गया.

> प्रदेश के कई जिलों में शीतलहर और घना कोहरा छाया हुआ है. ग्वालियर, दतिया, भिंड, सिंगरौली, सीधी, रीवा, मऊगंज, सतना, पन्ना, छतरपुर, टीकमगढ़ और निवाड़ी जिलों में कहीं-कहीं घना कोहरा देखा गया, जिससे दृश्यता काफी कम हो गई. शहडोल, उमरिया, कटनी, दमोह और मैहर जिलों में मध्यम कोहरा छाया रहा. वहीं भोपाल, सिहोर, राजगढ़, इंदौर, देवास और शाजापुर जिलों में शीतलहर का असर दर्ज किया गया. कोहरे का असर रेल यातायात पर भी पड़ा है. ग्वालियर-चंबल और उत्तरी मध्यप्रदेश के क्षेत्रों में कई ट्रेनें 4 से 5 घंटे तक देरी से चल रही हैं.

## एक नजर में

### 2025 में पश्चिम मध्य रेलवे की उल्लेखनीय उपलब्धियां

**भोपाल.** 2025 पश्चिम मध्य रेलवे (पमरे) के लिए अधोसंरचना विकास, यात्री सुविधाओं के विस्तार और राजस्व वृद्धि के लिहाज से उपलब्धियों से भरा रहा. महाप्रबंधक शोभना बंदोपाध्याय के मार्गदर्शन में तकनीक और नवाचार को बढ़ावा देते हुए पमरे ने योजनाबद्ध तरीके से नेटवर्क का विस्तार किया. कैलेंडर वर्ष 2025 में पश्चिम मध्य रेलवे ने कुल 143 किलोमीटर नए रेल इन्फ्रास्ट्रक्चर का कमीशनिंग किया, जिसमें 87 किमी नई रेल लाइन, 40 किमी दोहरीकरण-तिहरीकरण तथा 15.85 किमी लंबा कटनी रेल फ्लाईओवर शामिल है.

### डॉ. अवधेश बने मानव अधिकार आयोग के अध्यक्ष

**भोपाल.** राज्य शासन द्वारा डॉ. अवधेश प्रताप सिंह को मानव अधिकार आयोग के अध्यक्ष पद का दायित्व सौंपा गया है. इस संबंध में सोमवार को आदेश जारी किए गए. वर्तमान में मानव अधिकार आयोग के सदस्य के रूप में कार्यरत डॉ. सिंह को अपने पद के साथ-साथ आगामी आदेश तक अध्यक्ष के रूप में कार्य करने के लिए अधिकृत किया गया है. डॉ. अवधेश प्रताप सिंह इससे पूर्व विधानसभा में भी महत्वपूर्ण दायित्वों का निर्वहन कर चुके हैं और प्रशासनिक व विधायी कार्यों का व्यापक अनुभव रखते हैं. शासन के आदेश के बाद उन्होंने मानव अधिकार आयोग के अध्यक्ष पद का कार्यभार विधिवत ग्रहण कर लिया है.

# 2026 के अवकाश घोषित

**भोपाल, 29 दिसंबर. मध्यप्रदेश सरकार ने वर्ष 2026 के सामान्य अवकाशों की घोषणा सोमवार को कर दी. इस संबंध में सामान्य प्रशासन विभाग की ओर से विधिवत तरीके से अधिसूचना भी जारी कर दी गयी.**

अधिसूचना के अनुसार वर्ष के सामान्य अवकाशों की संख्या 25 है. इसके अनुरूप 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस, 3 मार्च को होली, 19 मार्च को गुडी पडवा, 20 मार्च को चैती चांद, 21 मार्च को ईद उल फितर, 27 मार्च को रामनवमी, 31 मार्च को महावीर जयंती, 3 अप्रैल को गुड फ्रायडे और 14 अप्रैल को डॉ अंबेडकर जयंती का अवकाश घोषित किया गया है. परशुराम जंयती 20 अप्रैल, बुद्व पूर्णिमा 1 मई, ईदुज्जुहा 27 मई, महाराणा प्रताप जयंती 17 जून, मोहर्रम 26 जून, स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त, मिलाद उन नबी 26 अगस्त और रक्षाबंधन 28 अगस्त को अवकाश रहेगा. इसके अलावा 4 सितंबर जन्माष्टमी, 14 सितंबर गणेश चतुर्थी, 2 अक्टूबर गांधी जयंती, 20 अक्टूबर दशहरा, 26 अक्टूबर महर्षि वाल्मीकि जयंती, 9 नवंबर गोवर्धन पूजा, 24 नवंबर गुरुनानक जयंती और 25 दिसंबर को क्रिसमस की छुट्टी घोषित की गयी है. संत रविदास जयंती 1 फरवरी, महाशिवरात्रि 15 फरवरी, दीपावली 8 नवंबर और राष्ट्रीय जनजातीय गौरव दिवस 15 नवंबर को भी अवकाश रहेगा, लेकिन इन तिथियों में रविवार का दिन होने के कारण अलग से अवकाश घोषित नहीं किया गया है. इसके साथ ही 63 ऐच्छिक अवकाश घोषित किए गए हैं.

# मुकेश नायक ने वापस लिया इस्तीफा

**विशेष संवाददाता**

**भोपाल,29 दिसंबर. वरिष्ठ कांग्रेस नेता, पूर्व मंत्री एवं मध्य प्रदेश कांग्रेस के मीडिया प्रभारी डॉ. मुकेश नायक ने केंद्रीय और प्रदेश स्तर के वरिष्ठ नेताओं के हस्तक्षेप के बाद अपना इस्तीफा वापस ले लिया है.**

कई वरिष्ठ नेताओं के निरंतर प्रयासों से यह मामला आपसी सहमति से सुलझ गया. सूत्रों ने बताया कि पिछले दो दिनों में अनेक वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं ने डॉ. नायक से संपर्क कर पार्टी के व्यापक हित में अपने निर्णय पर पुनर्विचार करने का आग्रह किया. शनिवार और रविवार को प्रदेश कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेता उनके निवास पर पहुंचे और उनसे चर्चा की, जिसके बाद उन्होंने इस्तीफा वापस लेने पर सहमति जताई. सोमवार सुबह डॉ. नायक प्रदेश कांग्रेस कार्यालय पहुंचे. पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि हालिया पार्टी बैठक में उनके विचार सकारात्मक और रचनात्मक भावना से रखे गए थे. उन्होंने केवल इतना कहा था कि अब समय आ गया है कि वरिष्ठ नेता युवा पीढ़ी को आगे आने और संगठन में अधिक जिम्मेदारी निभाने का अवसर दें.



> संवाददाता से विशेष बातचीत में डॉ. मुकेश नायक ने प्रदेश नेतृत्व पर पूर्ण विश्वास जताया. उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के रूप में पार्टी को सशक्त और दूरदर्शी नेतृत्व मिला है और वे पूरी निष्ठा व प्रतिबद्धता के साथ उनके साथ आगे बढ़ने के लिए संकल्पित हैं. कांग्रेस नेताओं ने इस घटनाक्रम को संगठनात्मक एकता के लिए सकारात्मक बताया.

# एनसीएल में महिला खेलकूद प्रतियोगिता निरामया का हुआ शुभारंभ

## दो दिवसीय प्रतियोगिता का समापन आज सिंगरौली स्टेडियम में

**नवभारत न्यूज**

**सिंगरौली 29 दिसम्बर। एनसीएल के स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, सीईटीआई परिसर में आज दिन सोमवार को दो दिवसीय महिला खेलकूद प्रतियोगिता निरामया 2.0 का शुभारंभ हुआ।**

एनसीएल परिवार की महिलाओं की प्रतिभा को निखारने एवं उन्हें सशक्त बनाने के उद्देश्य से आयोजित इस प्रतियोगिता का उद्घाटन सिलोस प्रेसिडेंट एवं कृति महिला मंडल की अध्यक्षा बीके दुर्गा ने वीसी के माध्यम से किया।

इस अवसर पर कृति महिला मंडल की उपाध्यक्षा नम्रता कुमार, संगीता नारायण, वीणा सिंह, शीला द्विवेदी, रूबी जायसवाल सहित महिला मंडल की अन्य सदस्याएं उपस्थित रहीं।



निरामया 2.0 के अंतर्गत बैडमिंटन, कैरम, लूडो, 50 मीटर दौड़, कबड्डी, रिले रेस, रस्साकशी एवं बैलेंस द ग्लास जैसे विभिन्न खेलों का आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिता में पाँच टीमों के लगभग 45 प्रतिभागी उत्साहपूर्वक भाग ले रहे हैं। यह खेलकूद प्रतियोगिता गृहिणियों एवं एनसीएल परिवार की महिलाओं की प्रतिभा को मंच प्रदान करने के साथ-साथ नारी सशक्तिकरण एवं महिला चेतना की दिशा में एनसीएल के सतत प्रयासों को भी रेखांकित करती है। प्रतियोगिता के दौरान प्रतिभागियों में जबरदस्त उत्साह एवं खेल भावना देखने को मिल रही है। इस दो दिवसीय प्रतियोगिता का समापन कल दिन मंगलवार को सिंगरौली स्टेडियम में किया जाएगा।

# स्किल इंडिया में घोटाला, सरकार मौन

## कमलनाथ ने भाजपा पर लगाए गंभीर आरोप

**भोपाल, 29 दिसंबर. मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने कैग की रिपोर्ट का हवाला देते हुए केंद्र और राज्य की भाजपा सरकारों पर गंभीर आरोप लगाए हैं.**

उन्होंने कहा कि युवाओं को कौशल प्रशिक्षण और रोजगार से जोड़ने के उद्देश्य से शुरू की गई प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना (स्किल इंडिया) में हजारों करोड़ रुपये का घोटाला सामने आया है, लेकिन भाजपा सरकारें इस पर चुप्पी साधे हुए हैं. कमलनाथ ने कहा कि 18 दिसंबर 2025 को संसद में पेश कैग की परफॉर्मेंस ऑडिट रिपोर्ट में खुलासा हुआ है कि वर्ष 2015 से 2022 के बीच 1.32 करोड़ युवाओं को प्रशिक्षण देने के नाम पर 10,194 करोड़ रुपये प्रस्तावित किए गए, जिनमें से 9,200 करोड़ से अधिक की राशि में गंभीर अनियमितताएं पाई गईं.



### कैग की रिपोर्ट के बहाने सरकार को घेरा

रिपोर्ट के अनुसार पीएम कौशल विकास योजना 2.0 और 3.0 में 94 प्रतिशत से अधिक लाभार्थियों के बैंक खाते फर्जी या अमान्य निकले. कई मामलों में एक ही बैंक खाते और एक ही फोटो से हजारों लाभार्थियों को प्रशिक्षित दिखाया गया. उन्होंने आरोप लगाया कि प्लेसमेंट के आंकड़े भी बढ़ा-चढ़ाकर प्रस्तुत किए गए. कई स्थानों पर बंद प्रशिक्षण केंद्रों को सक्रिय बताकर फर्जी ट्रेनिंग दर्ज की गई. यहां तक कि एक ही व्यक्ति द्वारा एक ही दिन में अलग-अलग राज्यों में निरीक्षण दिखाने जैसी प्रविष्टियां भी सामने आई हैं.

# एनसीएसएल-नीपा की कार्यशाला शुरू

**भोपाल,29 दिसंबर. राष्ट्रीय शैक्षिक नेतृत्व परिषद नीपा द्वारा बिहार, राजस्थान, उत्तरप्रदेश, हरियाणा एवं मध्यप्रदेश की लीडरशिप एकेडमी की समीक्षा एवं आगामी योजना निर्माण के उद्देश्य से क्षेत्रीय कार्यशाला का आयोजन भोपाल में किया जा रहा है.**

यह कार्यशाला समग्र शिक्षा अभियान, एससीईआरटी तथा सीमेट के अंतर्गत लीडरशिप और योजना निर्माण से जुड़े राज्यों में संपादित कार्यों के रिव्यू एवं भविष्य की कार्ययोजना तैयार करने को लेकर आयोजित की गई है. भोपाल के अशोका लेकव्यू होटल में 29 से 31 दिसंबर तक आयोजित होने वाली इस



कार्यशाला का शुभारंभ संचालक लोकशिक्षण डीएस कुशवाह ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया. उद्घाटन सत्र में मध्यप्रदेश सीमेट के संचालक एवं उप सचिव प्रमोद सिंह, नीपा नई दिल्ली की कार्यशाला प्रभारी डॉ. तृप्ति सिंह, डॉ. योगेश पहाड़िया तथा डॉ. पंकज सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहे.

> कार्यशाला के दौरान आमंत्रित राज्यों द्वारा अपने-अपने राज्यों में शिक्षा नेतृत्व के क्षेत्र में किए गए अनुकरणीय कार्यों (बेस्ट प्रैक्टिसेस) का प्रस्तुतीकरण किया जा रहा है. इसमें प्रत्येक राज्य से 5 से 6 वरिष्ठ अधिकारियों की सहभागिता सुनिश्चित की गई है, जो लीडरशिप एकेडमी से जुड़े अनुभव साझा कर रहे हैं. एनसीएसएल नीपा द्वारा मध्यप्रदेश लीडरशिप एकेडमी की स्थापना वर्ष 2016 में की गई थी, जो वर्तमान में सीमेट के माध्यम से संचालित हो रही है. वर्ष 2023-24 में इसका नामांकन किया गया. लीडरशिप एकेडमी के अंतर्गत स्कूल शिक्षा विभाग में प्रधानाध्यापक से लेकर राज्य स्तरीय अधिकारियों के लिए लीडरशिप कार्यक्रम, मॉड्यूल निर्माण एवं प्रशिक्षण आयोजित किए जाते हैं.

# सार्वजनिक स्थलों की साफ-सफाई कर ली गई स्वच्छता की शपथ



**नवभारत न्यूज**

**सिंगरौली 29 दिसम्बर। नगर निगम आयुक्त सविता प्रधान के निर्देशन में माह दिसंबर के कैलेंडर अनुसार ननि द्वारा शहरभर में व्यापक स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है।**

इस अभियान का उद्देश्य शहर को साफ-सुथरा बनाना और नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करना है। अभियान के दौरान विभिन्न जोनों सार्वजनिक, स्थलों, की अभियान चलाकर साफ -सफाई कराई एवं स्वच्छता की शपथ ली गई। अभियान के दौरान मोरवा जोन बस स्टैंड मोरवा अभयराज सिंह सहायक यंत्री एवं दिनेश सोलंकी उपयंत्री की उपस्थिति में तथा जयंत जोन में स्थित गोल मार्केट परिसर स्वास्थ्य अधिकारी बीजी चतुर्वेदी, ग्रामीण जोन-नवानगर सब्जी मंडी उपायुक्त आरपी बैस, उपयंत्री विपिन तिवारी, नवजीवन बिहार जोन में शिवाजी कॉम्प्लेक्स परिसर कार्यपालन यंत्री संतोष पाण्डेय एवं सहायक यंत्री दिनेश तिवारी तथा बैढ़न जोन में बस स्टैंड परिसर में सहायक विधि अधिकारी अक्षत उपाध्याय के देखरेख में अभियान चलाकर सर्वजनिक स्थलो की साफ सफाई कराया स्वच्छता शपथ दिलाई गई।


**नाम सुधार सूचना**

मै लक्ष्मनिया गुप्ता पति महादेव प्रसाद गुप्ता उम्र 57 वर्ष गोविन्दगढ़ गोमती चौराहा जिला रीवा (म.प्र.) का निवासी हूं. मेरी पॉलीसी नं. 357115136 है जो भारतीय जीवन बीमा निगम रीवा शाखा-2 में है, मेरा नाम लक्ष्मी देवी गुप्ता है जो कि मेरे घर का नाम है जबकि मेरे आधार कार्ड, पासबुद में मेरा नाम लक्ष्मनिया गुप्ता है, भविष्य में मुझे सभी कार्य हेतु लक्ष्मनिया गुप्ता के नाम से ही जाना जाएगा.

**लक्ष्मनिया गुप्ता, पता- गोविन्दगढ़, गोमती चौराहा वार्ड क्र.-12, जिला रीवा (म.प्र.) मो.नं.-9425035608**



In The Court of Additional Judge to I Civil Judge Class-I, Civil Court Rampur Baghelan, Distt. Satna

Presiding Officer : आनंद बागरी

(आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम

सक्सेशन प्रकरण क्रमांक (MJC SUC/0000001/2020)

रामानन्द ...... आवेदक

Vs

राजकुमार .....अनावेदक

Process Id-19/2025

पेशी दिनांक:-13.02.2026

प्रेषिती-

1. हर आम व खास जो हित रखता हो

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक **रामानन्द** पता ने मृतक **विष्णु प्रसाद तनय स्व.रामचन्द्र द्विवेदी निवासी चोरमारी तहसील रामपुर बाघेलान जिला सतना म.प्र. की इलाहाबाद बैंक शाखा चोरमारी तहसील रामपुर बाघेलान जिला सतना म.प्र.** में जमा राशि / संपत्ति हेतु उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक/संरक्षक नियुक्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिये इस न्यायालय में आवेदन किया है जिसकी सुनवाई दिनांक **13 फरवरी 2026** को नियत है. यदि किसी व्यक्ति को उक्त प्रकरण में आवेदक को उक्त मृतक का उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक / संरक्षक होने संबंधी प्रमाण पत्र जारी किये जाने में कोई आपत्ति हो अथवा उक्त प्रकरण में वह अपना हक समझता हो तो पेशी दिनांक 13 फरवरी 2026 को न्यायालय में स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित रहें. सूचना उपरांत यदि अनुपस्थित रहे तो प्रकरण की सुनवाई एक पक्षीय की जाकर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा. यह आज तारीख 15 दिसंबर 2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है.

न्यायालय की मुद्रा

**( आनंद बागरी )**
**प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड सतना के न्यायालय के अतिरिक्त व्यवहार न्यायाधीश,रामपुर बाघेलान जिला सतना ( म.प्र. )**

**कृपया ध्यान दें**-1. यदि किसी कारणवश उक्त तिथि तो न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा.



**कार्यालय कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी जिला सिंगरौली ( म.प्र. )**

क्रमांक/1174/लोसेप/ जि.दि.पु.के./ 2025 — सिंगरौली, दिनांक 29/12/2025

**-:निविदा सूचना:-**

इंडियन रेडक्रास सोसायटी द्वारा संचालित जिला दिव्यांग पुनर्वास केन्द्र एवं बालिका खुला आश्रय गृह बैढ़न की सुरक्षा हेतु सी.सी.टी.वी. आईपी कैमरा मय सेटप क्रय किया जाना है। जिस हेतु एम.पी.ई टेण्डर पोर्टल के माध्यम से 29.12.2025 से निविदा आमंत्रित की जा रही है। इच्छुक व्यापारी/विक्रेता/संस्था/निर्माता/अपनी निविदायें ऑनलाईन दिनांक 12.01.2026 तक जमा कर सकते हैं। प्राप्त निविदायें दिनांक 13.01.2026 को समय दोपहर 01.00 बजे समिति के समक्ष खोली जावेगी। निविदा की शर्तें एवं सम्पूर्ण जानकारी https://mptenders.gov.in एवं जिले की वेबसाईट www.singrauli.nic.in पर देखी जा सकती है।
(कलेक्टर महोदय द्वारा अनुमोदित)

**उपसंचालक**
**सामाजिक न्याय**
**जिला सिंगरौली ( म.प्र. )**



**कार्यालय कलेक्टर एवं पदेन उप सचिव म.प्र. शासन**
**राजस्व विभाग, जिला- सतना (म0प्र0)**

प्रकरण क्रमांक / 4063 / भू-अर्जन / 2025 — सतना दिनांक - 22/12/2025

**सार्वजनिक सूचना**

**(मध्यप्रदेश शासन की आपसी सहमति से भूमि क्रय नीति अन्तर्गत)**

मध्यप्रदेश शासन, राजस्व विभाग मंत्रालय, वल्लभ भवन भोपाल के परिपत्र दिनांक 12/11/2014 एवं मध्यप्रदेश राजपत्र दिनांक 12/11/2014 में प्रकाशित अधिसूचना के परिपालन में म0प्र0 शासन की आपसी सहमति से भूमि ऋय नीति के तहत प्रस्तावित निम्नानुसार नीचे दर्शाई गई अनुसूची के कॉलम ऋ. 2 में उल्लेखित भूमि धारकों की अनुसूची के कॉलम नं. 3 एवं 4 अनुसार भूमि कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग सेतु संभाग रीवा म0प्र0 के अन्तर्गत बरदाडीह से मैनपुरा मार्ग में सेमरावल नदी पर पुल एवं पहुंच मार्ग निर्माण के लिए आवश्यक है ।

**अनुसूची**
**भूमि का वर्णन**

**(क) ग्राम-मैनपुरा , (ख) तहसील-कोटर, (ग) जिला- सतना, (घ) क्षेत्रफल 0.040 हे0**

| क्र. | भूमि धारक का नाम एवं पता | खसरा क्रमांक | क्रय नीति के तहत प्रस्तावित क्षेत्रफल हे0 में |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | श्री भैयालाल पिता महाराजदीन तिवारी पता मैनपुरा जिला सतना (म0प्र0) | 172 | 0.040 हे. |
| | **योग-** | | **0.040 हे0** |

02. उपरोक्त कृषक की ग्राम मैनपुरा तहसील कोटर जिला सतना (म0प्र0) की भूमि कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग सेतु संभाग संभाग रीवा म0प्र0 के अन्तर्गत बरदाडीह से मैनपुरा मार्ग में सेमरावल नदी पर पुल एवं पहुंच मार्ग निर्माण के लिए क्रय किये जाने पर विचार किया जा रहा है। यदि किसी व्यक्ति की भूमि के स्वत्व के विषय में कोई आपत्ति हो तो वह नियत अवधि (सार्वजनिक सूचना प्रकाशित होने के दिनांक से 15 दिवस के अंदर ) में आधार सहित कलेक्टर के समक्ष आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं।

03. भूमि का नक्शा ( प्लान) का निरीक्षण कलेक्टर कार्यालय सतना / भू-अर्जन अधिकारी सतना के कार्यालय में कार्यालयीन समय में देखा जा सकता है।

**मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार**

**(डॉ. सतीश कुमार एस.)**
**कलेक्टर**
**जिला सतना (म0प्र0)**
**एवं पदेन उप सचिव म0प्र0 शासन**
**राजस्व विभाग**


G-23521/25


**क्रियान्वयन** | मंत्री इंदर सिंह परमार ने दो वर्ष की उपलब्धियां बतायीं

# उच्च शिक्षा विभाग में 2197 पदों की भर्ती प्रक्रिया जारी

**भोपाल, 29 दिसंबर. मध्यप्रदेश के उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री इंदर सिंह परमार ने आज कहा कि सरकार राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के बेहतर क्रियान्वयन के लिए लगातार कार्य कर रही है और इसी क्रम में उच्च शिक्षा विभाग में 2197 पदों पर भर्ती प्रक्रिया जारी है.**

श्री परमार ने डॉ मोहन यादव सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने पर अपने विभागों की इस अवधि की उपलब्धियां गिनाने के लिए आयोजित पत्रकार वार्ता में यह जानकारी दी. उन्होंने कहा कि उच्च शिक्षा विभाग में रिक्त पदों की पूर्ति के लिए राज्य लोक सेवा आयोग के माध्यम से वर्ष 2022 में 2053 पदों पर भर्ती की गई है. अब वर्तमान में 2197 पदों पर भर्ती प्रक्रिया जारी है. पत्रकार वार्ता में अपर मुख्य सचिव उच्च शिक्षा अनुपम राजन, प्रमुख सचिव आयुष डी पी आहूजा, आयुक्त उच्च शिक्षा प्रबल सिपाहा, आयुक्त आयुष श्रीमती उमा आर माहेश्वरी एवं आयुक्त तकनीकी शिक्षा अवधेश शर्मा भी उपस्थित थे.




श्री परमार ने बताया कि आने वाले समय में सकल नामांकन अनुपात (जीईआर) को वर्तमान 28.9% से बढ़ाकर 35% तक ले जाने का लक्ष्य है. मध्यप्रदेश अब शिक्षा के क्षेत्र में केवल पाठ्यपुस्तकों तक सीमित नहीं रहकर अनुभव, अनुसंधान और व्यावहारिक ज्ञान के पथ पर अग्रसर है. मंत्री परमार ने कहा है कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में प्रदेश का उच्च शिक्षा विभाग अपनी स्पष्ट नीतियों और नवाचारों के माध्यम से सकारात्मक परिवर्तन के दौर से गुजर रहा है. राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप उच्च शिक्षा को गुणात्मक, बहुविषयक, रोजगारोन्मुखी और समावेशी बनाने के लिए विभाग निरंतर कार्य कर रहा है. उन्होंने बताया कि तीन नए विश्वविद्यालयों—गुना में क्रांतिवीर तात्या टोपे, खरगोन में क्रांति सूर्य टंट्या भील और सागर में रानी अवंतीबाई लोधी विश्वविद्यालय की स्थापना की गई है.

> प्रदेश के प्रत्येक जिले में एक यानी कुल 55 महाविद्यालयों को 'प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस' के रूप में उन्नत किया गया है. इसके लिए 336 करोड़ रुपए से अधिक की राशि स्वीकृत की गई है. 1845 नवीन पद सृजित किए गए हैं. मंत्री परमार ने बताया कि रोजगार मुहैया कराना भी सरकार की प्राथमिकता है और स्वामी विवेकानंद करियर मार्गदर्शन योजना के तहत 378 रोजगारोन्मुखी कार्यक्रमों के जरिए 16,000 से अधिक विद्यार्थियों को प्रशिक्षित किया गया है.